आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

वर्ष- 15 अंक-214 ● कटनी ● ● सोमवार,6 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## नीट यूजी परीक्षा कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव, सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने NEET UG 2021 परीक्षा को पुनर्निर्धारित करने या स्थगित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अदालत छात्रों के एक वर्ग की असुविधा का हवाला देते हुए परीक्षा कार्यक्रम में हस्तक्षेप नहीं कर सकती याचिकाकर्ता अपनी शिकायतों को सक्षम अधिकारियों के समक्ष उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

चित्रकूट



# कहां का कोराना..

## सोमवती अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु

*चित्रकूट, उज्जैन, जबलपुर होशंगाबाद प्रयायगराज सहित देश के ऐसे सैकड़ों तीर्थ स्थलों की बात करें तो यहां देखकर कोई भी नहीं कह सकता कि देश में कोरोना का संकट कभी रहा भी। आज सोमवती अमावस्या पर देश के सभी प्रमुख नदियों के घाट श्रद्धालुओं की भीड़ से अटे पड़े थे। देख कर लग रहा था कहां है कोरोना? न सोशल डिस्टेंसिंग न मास्क न तो और कोई एहतियात उपाय। देश में श्रद्धा के आगे फिलहाल सब बौना है। आने वाले त्योहारी सीजन में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका व्यक्त की जा रही है। शासन प्रशासन लगातार कोशिश में जुटा है कि लोगों को किसी तरह जागरूक करें पर यह दो दृश्य देख कर ऐसा जरा भी प्रतीत नहीं होता कि कोरोना को लेकर जनता गंभीर है। सिर्फ चित्रकूट की बात करें तो यहां आज करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाई। इसी तरह जबलपुर नर्मदा, उज्जैन छिप्रा, प्रयागराज गंगा यमुना में भी लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया।*

उज्जैन



## हिमाचल में 100 फीसदी लोगों को पहली डोज

## पीएम बोले-चैंपियन बना राज्य



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज में हिमाचल के अव्वल रहने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि दूसरी डोज में भी इसी जुनून को बनाए रखना है। इसमें भी हिमाचल को नंबर वन रखना है। लाहौल-स्पीति के वैक्सीनेशन लाभार्थी नवांग उपासक से पीएम नरेंद्र ने यह भी जानना चाहा कि अटल टनल के बन जाने के बाद लाहौल-स्पीति के जनजीवन में किस तरह का बदलाव आया। नवांग ने कहा कि होम स्टे बन रहे हैं। क्षेत्र में पर्यटन को पंख लग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रदेश के कोविड टीकाकरण लाभार्थियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से वर्चुअल माध्यम से बातचीत की। सिविल अस्पताल डोडरा क्वार के डॉक्टर राहुल ने पीएम को बताया कि कोरोना वायरस से बचाव और टीकाकरण के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए टीमों का गठन किया गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों को घर-घर जाकर इस बारे में जागरूक कर रहे हैं।

# पंजशीर में तालिबान का कब्जा ईरान पाकिस्तान पर भड़का



**काबुल।** तालिबान ने दावा किया है कि उसने अफगानिस्तान की पंजशीर घाटी पर कब्जा कर लिया है। यहां नेशनल रेसिस्टेंस फ्रंट ऑफ अफगानिस्तान से तालिबान का मुकाबला हो रहा था। तालिबान के जबीउल्लाह ने ट्वीट किया कि तालिबान अब युद्ध से पूरी तरह मुक्त हो गया है। प्रवक्ता के मुताबिक, पंजशीर के लोग भी हमारे भाई हैं। इस बीच, पाकिस्तान पर आरोप लगे है कि पंजशीर को हासिल करने में उसने तालिबान की मदद की है। इस मामले में अब ईरान की ओर से बड़ा बयान आया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पंजशीर में जो हुआ वो गलत है। इसमें पाकिस्तान की भूमिका की जांच की जाना चाहिए। बता दें, ईरान पहले भी कह चुका है कि वह अफगानिस्तान में चुनाव कराने के पक्ष में हैं और जनता को सरकार चुनने का मौका दिया जाना चाहिए। आरोप है कि पाकिस्तान की वायुसेना ने पंजशीर घाटी में तालिबान की मदद की है। पाकिस्तान ने ड्रोम हमलों से यहां बम गिराए, जिसकी मदद से तालिबान सफल रहा। अभी यह साफ नहीं है कि मोहम्मद सालेह समेत पंजशीर के बड़े नेता कहां हैं। माना जा रहा है कि इन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

## तालिबान का सरकार गठनः पाकिस्तान, चीन, तुर्की समेत छह देशों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता, भारत से संपर्क नहीं

अफगानिस्तान के सभी प्रांतों में कब्जे का दावा करने के बाद तालिबान ने जल्द ही सरकार गठन का फैसला किया है। इसके मद्देनजर संगठन ने चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कतर और तुर्की को सरकार गठन के कार्यक्रम के लिए न्योता भी भेजा है। तालिबान के इस न्योते से साफ है कि इन देशों की सरकारों ने पहले ही संगठन से संपर्क साधा है। गौरतलब है कि चीन, रूस, तुर्की और पाकिस्तान ने तो अपने दूतावासों में भी पहले की तरह काम जारी रखा है। हालांकि, भारत से तालिबान का अब तक कोई आधिकारिक संपर्क नहीं हुआ।

### सुरक्षित स्थान पर सालेह, मसूद ताजिकिस्तान में

बताया जा रहा है कि तालिबान के दावे के बाद अफगानिस्तान के उप राष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। वहीं पंजशीर का नेता अहमद मसूद तीन दिन से ताजिकिस्तान में है।

### 600 तालिबानियों की मौत का बदला

फहीम दश्ती की मौत से एक दिन पहले ही प्रतिरोधी मोर्चे ने तालिबानियों का बड़ा नुकसान किया था। 600 से ज्यादा तालिबानियों की मौत हुई थी, तो वहीं एक हजार से ज्यादा ने आत्मसमर्पण किया था। फहीम दश्ती भी इस संघर्ष का हिस्सा थे, उन्होंने ही 600 तालिबानियों की मौत की पुष्टि की थी। इसके एक दिन बाद ही तालिबान ने पंजशीर के गवर्नर हाउस पर कब्जा जमा लिया है।

## एक हफ्ते बाद कोरोना के नए केस 40 हजार के नीचे बीते 24 घंटे में 219 मरीजों की गई जान



**नई दिल्ली।** कोरोना मामलों को लेकर रविवार का दिन राहत देने वाला रहा। बीते 24 घंटे में कोरोना के 38,948 मामले दर्ज किए गए, 43,903 लोगों ने इस बीमारी को मात दी, जबकि पिछले 24 घंटे में 219 संक्रमितों ने दम तोड़ा। नए केस का आंकड़ा 9 दिन बाद सबसे कम रहा। साथ ही मौत का आंकड़ा भी लंबे समय बाद 300 के नीचे पहुंचा है। हालांकि, केरल में कोरोना के नए मामले कम नहीं हो रहे हैं। राज्य में रोजाना 29 हजार पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं। वहीं, केरल में निपाह वायरस से एक बच्चे की मौत ने और चिंता बढ़ा दी है।

### देश में कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए- 38,948

बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए-43,903

बीते 24 घंटे में कुल मौतें-219

बीते 24 घंटे में कोरोना टीका- 58.85

देश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या- 4,04,874

अब तक कुल संक्रमित हुए लोग- 3,30,27,621

अब तक ठीक हुए- 3,21,81,995

अब तक कुल मौतें- 4,40,752

## देशमुख के खिलाफ ईडी ने जारी किया लुकआउट नोटिस

**मुंबई।** 100 करोड़ की वसूली मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख देश छोड़कर भागने की फिराक में हैं। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उन्हें लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, जिसके बाद वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। बता दें, मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने अनिल देशमुख पर 100 करोड़ रुपये की वसूली का आरोप लगाया था। उन पर पुलिस गलत इस्तेमाल, जबरन वसूली करवाना ट्रांसफर-पोस्टिंग में दखल का भी आरोप है।

## जावेद अख्तर पर भड़की शिवसेना



**मुंबई।** जावेद अख्तर की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और तालिबान की तुलना किए जाने पर शिवसेना ने जवाब दिया है। अपने मुखपत्र सामना में शिवसेना ने लिखा है कि यह तुलना सही नहीं है। आरएसएस अगर तालिबानी विचारों वाला होता तो तीन तलाक के खिलाफ कानून न बना होता। लाखों मुस्लिम महिलाओं को आजादी नहीं मिलती। आगे शिवसेना की ओर से लिखा गया है कि देश में बहुसंख्यक हिंदुओं की आवाज को दबाया न जाए। हमारे देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास करने वाले जो संगठन हैं, उनकी हिंदू राष्ट्र निर्माण की अवधारणा सौम्य है। सामना में लिखा है कि जावेद अख्तर अपने मुखर बयानों के लिए जाने जाते हैं। देश में जब-जब राष्ट्रदोही विकृतियां उफान पर आती हैं, जावेद अख्तर उन लोगों के मुखौटे फाड़ते हैं। कट्टरपंथियों की परवाह किए बगैर उन्होंने वंदे मातरम गाया है। फिर भी संघ की तालिबान से तुलना हमें अस्वीकार्य है। शिवसेना की ओर से लिखा गया है कि तालिबानी शासन समाज और मानव जाति के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पाकिस्तान, चीन जैसे राष्ट्रों ने उसका समर्थन किया है। हिंदुस्तान की मानसिकता वैसी नहीं है। हम सहिष्णु हैं। लोकतंत्र के बुरखे की आड़ में कुछ लोग तानाशाही लाने का प्रयास कर रहे हैं, फिर भी उनकी एक सीमा है। इसलिए यह तुलना उचित नहीं है। तालिबान ने अफगानिस्तान को नर्क बना दिया है। महिलाओं पर जुल्म हो रहे हैं। लाखों लोग देश छोड़कर भाग गए हैं। हमारा हिंदुस्तान ऐसा नहीं है।

### क्विक अपडेट



## ममता के खिलाफ कांग्रेस एक राय नहीं, भाजपा में 6 नामों पर विचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 30 सितंबर को उपचुनाव तय किए गए हैं। इनमें ममता बनर्जी के अपनी परंपरागत सीट भवानीपुर से लड़ने की बात लगभग तय मानी जा रही है। इस बीच जहां कांग्रेस ममता के खिलाफ उम्मीदवार न उतारने पर विचार कर रही है, वहीं भाजपा नेतृत्व छह-छह कद्दावर नेताओं के नाम पर चर्चा कर रहा है। बताया जा रहा है कि ममता को भवानीपुर में झटका देने के लिए भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा सकती है।



## घर में मिले पति, पत्नी और बेटी के शव, हत्या की आशंका

**ग्वालियर।** मुरार की अल्पना टाकीज के पास भगत सिंह मार्केट के पीछे सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब लोगों को पता चला कि एक घर में पति, पत्नी व बेटी के शव पड़े हुए हैं। मृतकों को शनिवार के बाद किसी ने घर के बाहर नहीं देखा है। शवों को देखकर लगता है कि उनकी गला घोंटकर हत्या की गई है। मौके पर ही पुलिस जांच कर रही है। अल्पना टाकीज के पास भगत सिंह मार्केट के पीछे जगदीश पाल अपनी पत्नी सरोज 10 वर्षीय बेटी कीर्ति के साथ रहते हैं। पिछले दो दिन से परिवार का कोई सदस्य घर के बाहर नहीं दिखा। ऐसे में जगदीश के पड़ोस में रहने वाली मालती सोमवार सुबह जगदीश के घर में देखने के लिए गई कि आखिर परिवार के लोग कहां गए हैं। क्योंकि जगदीश की बेटी उनके बच्चों के साथ पढ़ती है। मालती घर में पहुंची तो आवाक रह गई।

## सरकार हमारे फैसलों का सम्मान नहीं कर रही, धैर्य की परीक्षा मत लीजिए- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आप हमारे फैसलों का सम्मान नहीं कर रहे हैं, हमारे धैर्य की परीक्षा मत लीजिए। कोर्ट ने ये बातें ट्रिब्यूनल में खाली वैकेंसी न भरे जाने और ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट पास न किए जाने पर की है।




### ट्रिब्यूनल को लेकर कोर्ट की 4 तल्ख टिप्पणियां

1. चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एल नागेश्वर राव ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, ÷अब तक कितने लोगों को अपॉइंट किया गया है। आपने कहा था कि कुछ लोगों का अपॉइंटमेंट हुआ था, कहां हैं ये अपॉइंटमेंट?
2. मद्रास बार एसोसिएशन में हमने जिन प्रावधानों को खत्म किया था, ट्रिब्यूनल एक्ट भी ठीक उसी तरह है। हमने जो निर्देश आपको दिए थे, उसके हिसाब से अभी तक अपॉइंटमेंट क्यों नहीं हुए।
3. सरकार अपॉइंटमेंट न करके ट्रिब्यूनल को शक्तिहीन बना रही है। कई ट्रिब्यूनल तो बंद होने के कगार पर हैं। हम इन हालात से बेहद नाखुश हैं।
4. हमारे पास अब केवल तीन विकल्प हैं। पहला- हम कानून पर रोक लगा दें। दूसरा- हम ट्रिब्यूनल बंद कर दें और सारे अधिकार कोर्ट को सौंप दें। तीसरा- हम खुद अपॉइंटमेंट कर लें।

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मोहलत मांगी

तुषार मेहता ने कहा कि सर्च और सिलेक्शन कमेटी की रिकमेंडेशन पर फाइनेंस मिनिस्ट्री दो हफ्ते में फैसला लेगी। मुझे 2-3 दिन का वक्त दीजिए, तब मैं आपके सामने इस मुद्दे पर जवाब पेश करूंगा। इस पर अदालत ने कहा कि हम सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेंगे और उम्मीद है कि तब तक अपॉइंटमेंट हो जाएंगे। अदालत ने कांग्रेस सांसद जयराम रमेश की ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट के खिलाफ दायर एक पिटीशन पर भी नोटिस जारी किया। कांग्रेस सांसद की ओर से पेश अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जिन प्रावधानों को दोबारा लागू किया गया है, वो वही हैं, जिन्हें कोर्ट ने पहले खत्म कर दिया था। कोर्ट ने कहा, अगर आपको सुप्रीम कोर्ट के दो जजों पर भरोसा नहीं है तो हमारे पास विकल्प नहीं बचता है। मद्रास बार एसोसिएशन का फैसला अटॉर्नी जनरल को सुनने के बाद ही दिया गया था।

## संत रावतपुरा के दर्शन करने राजमार्ग पहुंचे सीएम शिवराज



**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा।** संत रावतपुरा सरकार के दर्शन करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजमार्ग चौराहा पर आगमन हुआ। उन्होंने विधायक संजय शर्मा के यहां चातुर्मास कर रहे संत रावतपुरा सरकार के दर्शन कर पूजन किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह, सांसद उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी, विधायक जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक समेत जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद। कार्यक्रम की अगवानी कर रहे विधायक संजय शर्मा भी उपस्थित।

### नाथ पहुंचे बड़वानी जन आक्रोश यात्रा में



**आदिवासी जन आक्रोश रैली व महासभा में शामिल होने के लिए पूर्व सीएम कमल नाथ बड़वानी पहुंच गए हैं, वे यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह दरबार ने बताया कि आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार आदि मुद्दों को लेकर रैली में शामिल होने वाले हजारों लोग देशप्रदेश की सरकारों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करेंगे, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ सहित पदाधिकारी जनसभा को संबोधित करेंगे।**




## बुद्धिजीवी बोले-मोदी लहर के सहारे न रहें



**जम्मू।** यहां आरएस पुरा में भाजपा की ओर से आयोजित बुद्धिजीवियों की बैठक में महंगाई, बेरोजगारी को लेकर पार्टी के खिलाफ आक्रोश ने आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के भगवा ब्रिगेड के सपने के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू न चलने की बात सामने आने के बाद पार्टी नेतृत्व और आरएसएस की चिंताएं बढ़ी हैं। कहा जा रहा है कि यह रिपोर्ट भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष भी पहुंची है। शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में कद्दावर नेता की तलाश कर रहा है जो चुनावी वैतरणी को पार लगा सके। इसके लिए पार्टी के बाहर के लोगों में भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। बता दें कि, केंद्र की भाजपा सरकार सही दिशा में जा रही है या इसमें सुधार करने की जरूरत है...इसको लेकर जम्मू-कश्मीर में भाजपा की आरएस पुरा इकाई की तरफ से क्षेत्र के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर उनकी राय जानी गई थी। बैठक में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव में भाजपा इस बार मोदी लहर के सहारे न रहे। क्योंकि सरकार की नीतियों से जनता नराज है। प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार ने कोई भी नीति नहीं बनाई है। कई कार्य अधर में लटके हैं। सतवारी से आरएस पुरा तक आने वाले मार्ग का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। मुख्य बस स्टैंड के लिए भी कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। सांसद द्वारा फंड की घोषणा की जा चुकी है। कहा गया कि आम जनता भाजपा के फैसलों से काफी दुखी है। पेट्रोल, डीजल, गैस सिलिंडर और खाद्य सामग्रियों की कीमतें बेतहाशा बढ़ रही हैं। इसने आम लोगों का बजट बिगाड़कर रख दिया है। बैठक में बॉर्डर इलाके के विकास के लिए मोदी सरकार की ओर से किए गए कार्यों, बंकर निर्माण, आरक्षण की दलीलें भी काम न आईं। भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार तक फीडबैक पहुंचाने की दुहाई देकर किसी प्रकार मामले को शांत करने की कोशिश की।

## EPFO बोर्ड की बैठक कर्मचारी पेंशन पर हो सकता है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** सरकार जल्द ही एम्प्लॉई पेंशन स्कीम के तहत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन राशि पर फैसला ले सकती है। इस संदर्भ में आज कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड की बैठक होनी है। दरअसल लंबे समय से न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग हो रही है। मौजूदा समय में ईपीएफओ ने न्यूनतम पेंशन की 1000 रुपये तय की हुई है। इससे पहले मार्च में संसद की स्टैंडिंग कमिटी ने मिनिमम पेंशन की राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये तक करने की सिफारिश की थी। वहीं पेंशनर्स ने मांग की है कि पेंशन की राशि बहुत कम है, इसे बढ़ाकर कम से कम 9000 रुपये किया जाना चाहिए। तभी सही मायने में कर्मचारी पेंशन योजना पेंशनधारकों को फायदा होगा।

# उद्यमियों ने उद्योग मंत्री को बताई समस्याएं

**कटनी। मप्र लघु उद्योग भारती का हुआ पुनर्गठन इंदौर के महेश गुप्ता को पुनः बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष कटनी के अरुण सोनी बने प्रदेश महासचिव देश के सबसे बड़े सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के बीच कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन लघु उद्योग भारती का दो दिवसीय प्रादेशिक सम्मेलन 4 एवं 5 सितंबर को शारदा विहार भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे मध्य प्रदेश के 52 जिलों से 200 से अधिक उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों की उपस्थिति रही।**

इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन किया अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगमंत्री ओमप्रकाश सकलेचा राष्ट्रीय संगठन मंत्री लघु उद्योग भारती प्रकाश चंद्र संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर दाते' पूर्व वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता भोपाल इकाई अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एमहिला इकाई अध्यक्ष प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश मिश्रा द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए उद्यमियों की समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा जिसे की उन्होंने बड़ी गंभीरता से सुना, मंत्री सकलेचा द्वारा अपने उद्बोधन में लघु उद्योग भारती द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के विकास के लिए जो कार्य किये जा रहे है उसकी सराहना करी और संगठन को अधिक से अधिक क्लस्टर प्रदेश के हर जिलों में छोटे उद्यमियों के माध्यम से लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया है कि आज पूरा विश्व हमारी और देख रहा है आत्मनिर्भर भारत का सपना सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के द्वारा ही पूरा हो सकता है और इस कार्य में लघु उद्योग भारती की एक बड़ी भूमिका आगे होने वाली है। संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर दाते द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में महेश गुप्ता प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद मनोहर काले के नामो की घोषणा करी एवं प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा पीथमपुर, मदन मोहन शर्मा भोपाल, आदेश बंसल ग्वालियर, चरणजीत सिंह कालरा उज्जैन, दिनेश तिवारी शाजापुर, निखिल जैन प्रदेश सचिव के रूप में संजय पटवर्धन इंदौर, सोमेश गुप्ता जबलपुर, रवि पोद्दार बुरहानपुर, राजेंद्र दुबे पीथमपुर को दायित्व प्रदान किया गया। महाकौशल संभाग अध्यक्ष रवि मिश्रा जबलपुर संभाग सचिव अनिल वासवानी कटनी संभाग कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद सिंघई जबलपुर श्याम सुंदर चांडक छिंदवाड़ा महाकौशल ग्राम शिल्पी संयोजक सोमेश गुप्ता जबलपुर मालवा संभाग अध्यक्ष विनीत जैन इंदौर सचिव अतीत अग्रवाल उज्जैन संभागीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती सीमा मिश्रा धामनोद सीए राजेश महेश्वरी उज्जैन धनंजय चिंचालकर इंदौर प्रदीप तोड़ी बुरहानपुर राजेश देशमुख सुसनेर को दायित्व प्रदान किया गया। इसी तरह मध्य भारत संभाग में अध्यक्ष श्रीमती उमा शर्मा भोपाल सचिव सोबरन सिंह तोमर ग्वालियर को दायित्व प्रदान किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सतनाम सिंह छाबड़ा को दायित्व प्रदान किया गया।



लघु उद्योग भारती का पुनर्गठन, प्रदेश महासचिव बने अरुण

## अब सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगाएगा जागृति पार्क

### सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट पार्क में लगाने सांसद ने सांसद निधि से दी स्वीकृति




**कटनी।** शहर का ऑक्सीजन टैंक कहे जाने वाले माधव नगर के जागृति पार्क 60 एकड़ का एरिया बहुत जल्द सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगायेगा। खजुराहो कटनी सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने पार्क में सौर आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए सांसद निधि से स्वीकृति दी है और इसके लिए उन्होंने पत्राचार किया है। सांसद श्री शर्मा ने नोडल जिला पन्ना के सांख्यिकी विभाग को पत्र लिखकर कटनी के लिए 50 नग सौर आधारित स्ट्रीट लाइट स्वीकृत करते हुए उन्हें कटनी जिले को आवंटित करने को कहा है। जिले के लिए स्वीकृत 50 स्ट्रीट लाइट में से 35 नग स्ट्रीट लाइट जागृति पार्क में लगाई जाएंगी ताकि सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरे पार्क में रोशनी हो सके। सांसद श्री शर्मा ने जहां 35 स्ट्रीट लाइट जागृति पार्क में लगाने के लिए स्वीकृति दी है तो वही शेष 15 नग लाइट सांसद ग्राम बंडा में लगाई जाएंगी। उन्होंने पत्र के माध्यम से दोनों स्थानों के लिए स्ट्रीट लाइट स्वीकृत करने के साथ ही तत्काल आदेश जारी करने की बात भी पत्र के माध्यम से कही है। सांसद ने अपनी निधि कटनी के साथ ही छतरपुर के लिए भी 50 सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति प्रदान की है।




## शिक्षक दिवस पर शिक्षक और छात्रों का सम्मान

**सरस्वती विष्णु वेद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन**

**कटनी।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती विष्णु वेद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरहनी कटनी में विष्णु शिष्य समिति के संस्थापक सदस्य धनीराम तिवारी की अध्यक्षता व्यवस्थापक राकेश मिश्राए कोषाध्यक्ष राम कुमार दुबे, सदस्य रूप सिंह राठौर, उमेश मिश्रा, सुभाष सेन, डॉक्टर बी के तोमर की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं विद्यालय के संस्थापक गुरुदेव पंडित विष्णु दत्त त्रिपाठी का पूजन अर्चन कर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में आज के इस कार्यक्रम एवं शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए। सर्वप्रथम विद्यालय समिति द्वारा आचार्यों को विद्यालय गणवेश एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर, तिलक रोली लगाकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा दसवीं की परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त शालिनी सिंह रघुवंशी 95 प्रतिशत, पूर्णिमा द्विवेदी 94 प्रतिशत एवं सुवेक सेन 94 प्रतिशत को गरुड़ध्वजाचार्य छात्रवृत्ति एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि यह छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रदान की जाती है। जो कि जियर स्वामी मठ मठाधीश श्री इंदिरा रमण जी महाराज एवं विद्यालय के संयुक्त कोष से नगद राशि के रूप में प्रदान की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार से प्रधानाचार्य उमाशंकर द्विवेदी, प्रमिला दुबे एमनोज पयासी, गुरु शरन दुबे, अनुसुइया पयासी, पूनम सक्सेना, राजकुमार विश्वकर्मा, श्रवण पटेल, मिथलेश सिंह, प्रीति मिश्रा, रमेश बर्मन, हिमेन्द्र श्रीवास, कुसुम श्रीवास्तव, मंजू भारद्वाज, सीमा यादव, विपिन सिंह, ज्योति पाठक, रितेश सिंह, जितेन्द्र तिवारी, वर्षा सिंह, सविता शुक्ला, प्रमोद पांडेय का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वर्षा बर्मन द्वारा किया गया।

## कर्तव्य पथ पर डटे रहे जो उनको...गुरुवे नम :

### शिक्षक दिवस पर जनसम्पर्क विभाग का ई मैग्जीन के जरिये जिले के गुरुजनों को नमन

**कटनी।** जल जाता है वो दिए की तरह, कई जीवन रोशन कर जाता है। कुछ इसी तरह से हर गुरु, अपना फर्ज निभाता है...। जिले के कुछ ऐसे ही गुरुजनों को जिला जनसंपर्क कार्यालय ने नमन किया है, अपनी ई मैग्जीन गुरुवे नमः के जरिये। गुरुवे नमः में ऐसे गुरुजन जिन्होंने अपने कर्तव्य पथ पर डटे रहकर अपने शिष्यों के बेहतर भविष्य को साकार करने दिन रात मेहनत की, उनको नमन किया है। कोरोना काल के संकट में जब घर से बाहर निकलना कठिन था, तब हमारे जिले के कुछ ऐसे शिक्षक थे, जिन्हें बच्चों और देश के भविष्य की चिंता थी। उन्होंने महामारी में अपने जीवन को संकट में डालकर न सिर्फ बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखा बल्कि छात्रों व उनके परिजनों को कोरोना से बचाव को लेकर जागरूक किया। चाहे वो माध्यमिक विद्यालय गौरा में पदस्थ शिक्षक महेंद्र सिंह हों, आदिवासी बहुल रामपाटन स्कूल में पदस्थ मनोज गर्ग या कटनी में बीआरसी विवेक दुबे, शिक्षक मनीष सोनी। स्कूल को आदर्श बनाने चनेहटा स्कूल की प्रभारी शहनाज की मेहनत और बरही स्कूल में पदस्थ शिक्षक राधा देवी की कर्तव्य निष्ठा सभी के लिए आदर्श है। लोहरवारा स्कूल के शिक्षक राजा भैया सोनी के नारी सम्मान के 23 वर्ष से चल रहे कन्या पूजन के अनूठे अभियान को भी इस ई-मैग्जीन के माध्यम से शिक्षक दिवस पर जनसंपर्क कटनी ने नमन किया है।



## जीवन में शिक्षक की महत्ता बताई छात्रों को

**कटनी।** सिलौंड़ी में शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय सिलौंड़ी में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर उद्बोधन द्वारा प्रकाश डाला गया और जीवन में शिक्षक की महत्ता बताई गई। तत्पश्चात उपस्थित शिक्षकों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया। समाजसेवी शंकरलाल राय के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजसेवी रजनीकांत राय, पूर्व शिक्षक जय नारायण राय, भाजपा अध्यक्ष डॉ प्रशांत राय, जनपद सदस्य राधा राय, डॉ राहुल राय, सरपंच जानकी राय, पूर्व सरपंच गणेश साहू, पूर्व जिपं सदस्य रंजना राय, पूर्व शिक्षक रामकिशोर राय, सत्येंद्र राय, मेकल साहू, सुरेश बर्मन, बेड़ीलाल यादव, शिक्षकगण प्रधानाचार्य डॉ रतिराम अहिरवार, डॉ नीता मिश्रा, डॉ अभिलाषा, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ लक्ष्मी प्रसाद बागरी, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ यशवंत बिसेन आदि उपस्थित रहे।

## कीचड़, गड्ढों से अटी पड़ी रोड, पैदल चलना हो रहा मुश्किल

**कटनी।** माई नदी के समीप निमिया मोहल्ले में सड़क नाली न बनाए जाने का खामियाजा वाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रीय वाशिंदों के अनुसार क्षेत्र में रोड में सुधार नहीं हो रहा है। आने -जाने में होने वाली परेशानी की जानकारी देने के बाद भी अव्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हो रहा। मोहल्ले तक पहुंचने वाली सड़क गांव से भी बदतर है। गड्ढे कीचड़ के कारण सड़क बेहद सुदूर गांव के रास्तों से भी बद्तर हो रही है। क्षेत्र निवासियों का कहना है कि कई वर्षों से नगर निगम को सड़क निर्माण कार्य कराने के लिये ध्यानाकर्षण कराया जा रहा है लेकिन नगर निगम कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय वाशिंदों ने बताया कि जरा सी बारिश में यहां हालात और भी खराब हो जाते हैं। यहां तक कि लोगों को पैदल चलने तक के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यदि कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो एंबुलेंस भी क्षेत्र में आने से मना कर देती है। लोग भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि कभी कोई बारिश के मौसम में यहां बीमार ना पड़े। लोगों ने नगर निगम से रास्ते में सुधार कराए जाने की मांग की है।

## रज्जाक पर जबलपुर में रासुका की कार्रवाई, कटनी में निरस्त किये गए सभी शस्त्र लाइसेंस

### कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने की कार्रवाई आदेश जारी, परिजनों के नाम पर ले रखे थे शस्त्र लाइसेंस

**कटनी।** जबलपुर में रासुका के तहत अब्दुल रज्जाक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। रज्जाक के ठिकानों पर हुई कार्यवाही के दौरान सामने आया कि, उसके घर पर मिली बंदूकों के शस्त्र लाइसेंस कटनी से जारी किए गए थे। जबलपुर पुलिस की कार्यवाही और जबलपुर पुलिस अधीक्षक पत्र के आधार पर कटनी में रज्जाक के परिजनों के नाम पर जारी किए गए शस्त्र लाइसेंसों को निरस्त करने की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने की है। कटनी में अब्दुल रज्जाक निवासी नया मोहल्ला ओमती की पत्नी सुबीना बेगम के नाम से मेसर्स जुजावल मार्बल स्लीमनाबाद का पता दर्शाकर रायफल व 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक का लाइसेंस कटनी से लिया गया था। इसके अलावा मोहम्मद महमूद पिता अब्दुल वाहिद जो आरोपी रज्जाक का भाई है,उसके नाम से एसडब्ल्यू एंड संस मार्बल निमास थाना स्लीमनाबाद का पता दर्शाकर एनपी बोर शस्त्र लाइसेंस, सुल्ताना बेगम पति मोहम्मद महमूद जो आरोपी रज्जाक के भाई की पत्नी है उसके नाम से एसडब्ल्यू एंड संस मार्बल माइंस निमास कटनी के नाम से एनपी बोर का लाइसेंस प्राप्त किया गया था। वही शमीम बानो पति मोहम्मद रियाज जो आरोपी रज्जाक के दूसरे भाई की पत्नी हैं उसके नाम से भी एसडब्ल्यू एंड संस मार्बल निमास का पता दर्शाकर एनपी बोर के दो शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किए गए। इसी प्रकार सबा आरा पति मोहम्मद सरुराज जो आरोपी रज्जाक के बेटे की पत्नी है, उसके नाम से मेसर्स जुजावल मार्बल स्लीमनाबाद का नाम पता दर्शाकर एनपी बोर शस्त्र लाइसेंस लिया गया था। आरोपी रज्जाक ने अपने एक अन्य भाई मोहम्मद रियाज पिता अब्दुल वहीद के नाम से एसडब्ल्यू एंड संस मार्बल माइंस निमास के पते पर उसके नाम से एनपी बोर एवं रायफल के 3 शस्त्र लाइसेंस भी प्राप्त किये थे। आरोपी अब्दुल रज्जाक एवं अन्य व्यक्तियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक जबलपुर से प्राप्त पत्र के आधार पर अपराधी अपने परिवार के सदस्य एवं रिश्तेदारों व परिवार की महिलाओं के नाम पर शस्त्र लाइसेंस लेकर उसका उपयोग अपराध और समाज में भय व्याप्त करने के लिए कर रहा था। पुलिस अधीक्षक जबलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने लोक शान्ति एवं सुरक्षा की दृष्टि से कटनी से सभी जारी हुए शस्त्र लाइसेंसों को निरस्त कर दिया है। साथ ही आदेश दिया है कि, सभी शस्त्रों को लोक शांति व सुरक्षा के लिए तत्काल थाना ओमती जबलपुर में जमा कराएं।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना : एक करोड़ गैस कनेक्शन बांटने का टारगेट

### मध्यप्रदेश के 9 लाख निर्धन परिवारों को मिलेगा लाभ

**कटनी।** प्रधानमंत्री उज्जवला 2.0 योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे। योजना में मध्यप्रदेश के 9 लाख निर्धन परिवार भी लाभान्वित होंगे। प्रमुख




सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण फैज अहमद किदवई ने बताया कि योजना के अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन जारी किये जाने पर समस्त पात्र हितग्राहियों को डिपॉजिट फ्री गैस कनेक्शन मिलेंगे। इसके साथ ही प्रथम रिफिल एवं गैस चूल्हा (हॉट-प्लेट) भी निःशुल्क दिया जायेगा। प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बतायाकि उज्जवला योजना के अंतर्गत ऐसी वयस्क महिला गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये पात्र होंगी, जो गरीब गृहस्थी से संबंध रखती हैं एवं जिनकी गृहस्थी में किसी भी प्रकार का गैस कनेक्शन पहले से उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा ऐसे हितग्राही, जो वर्ष 2011 की सूची के अनुसार पात्र हों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियाँ, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत श्रेणी की महिलाएँ कनेक्शन का लाभ ले सकेंगी। प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बताया कि उज्जवला 2.0 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 9 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व से तैयार ई-केवाईसी की संख्या 2 लाख 33 हजार है। प्रदेश में 38 ऐसे जिले हैं, जहाँ एलपीजी कव्हरेज 90 प्रतिशत से कम है। ऐसे जिलों में प्राथमिकता के आधार पर ई-केवाईसी जमा कराई जा रही है। श्री किदवई ने बताया कि विकासखण्ड में लागू इस योजना का लाभ प्रवासी मजदूर, जो अन्य राज्यों से हैं, को भी दिया जायेगा। हितग्राही ई-केवाईसी में अधूरी जानकारी को उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से पूरी करा सकते हैं। आवेदक परिवार अपनी इच्छा अनुसार कम्पनी एवं गैस वितरक का चयन कर सकेगा।

### हितग्राही 7 दिन में पूरे करें अपने अधूरे प्रपत्र

ऐसे चिंन्हित परिवार, जिनके पास आधार नम्बर उपलब्ध नहीं है, मुखिया के साथ अन्य वयस्क सदस्यों को प्राथमिकता पर आधार पंजीयन कराना होगा। राज्य सरकार द्वारा पंजीयन कार्य को विशेष अभियान चलाकर पूरा किया जायेगा। जिन हितग्राहियों का बैंक खाता नहीं है, वे 7 दिन के अंदर बैंक खाता खुलवायेंगे। जन-धन बैंक खाते का उपयोग गैस कनेक्शन के लिये मान्य रहेगा। प्रमुख सचिव खाद्य श्री किदवई ने बताया कि जिलों में गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये शिविर लगाकर केवाईसी प्रपत्रों की जाँच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा आवेदन प्राप्त होने के 7 दिन के अंदर गैस कनेक्शन स्वीकृत किया जायेगा, जिसकी सूचना आवेदक के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दी जायेगी। गैस कनेक्शन जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रदाय किये जायेंगे।





## मतवारी में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

**कटनी।** शहर से 15 किलोमीटर दूर ग्राम मतवारी में विगत कई वर्षों से चली आ रही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की परम्परा का इस वर्ष भी जन्माष्टमी के पर्व पर निर्वहन किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा इस बार जन्माष्टमा पर्व को बेहतर बनाने धार्मिक आयोजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। बताया जाता है कि यहां हर वर्ष श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का हर रोज आयोजन किया जाता है। गांव की बालिका नृत्यांगनाओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। भगवान श्री कृष्ण जी के दर्शन व उनकी मनमोहक झांकी की एक झलक पाने ग्राम मतवारी सहित आसपास के कई गांवों के लोगों ने यहां पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित किया। कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए व नियमों का पालन करते हुए श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्रीकृष्ण जी की सुबह एवं सन्ध्या आरती की जाती हैं एवं प्रसाद वितरण किया गया।



## मंदिर में मनाया दधिकांदो महोत्सव







कटनी। लक्ष्मीनारायण मंदिर में कल दधिकांदो महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर भजन कीर्तन की प्रस्तुति के साथ ही मंदिर परिसर में मटकी फोड़ का आयोजन भी हुआ।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 06 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## जिले में बढ़ा कोरोना संक्रमण, वेक्सीनेशन पर प्रशासन का जोर

# अब तक 6 लाख 28 हजार 111 को फर्स्ट एवं 1 लाख 11 हजार 980 को सेकेंड डोज

कटनी। प्रदेश में एक तरफ कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में हर दिन इजाफा हो रहा है और राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ राज्य सरकार द्वारा वेक्सीनेशन बढ़ाने की तरफ फोकस किया जा रहा है। कटनी जिले की बात करें तो आज यहां कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान आयोजित किया गया है। जिसके तहत शहर के 9 और ग्रामीण क्षेत्रों के 83 केन्द्रों में ऑनस्पॉट और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से वेक्सीनेशन किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज पूरे जले में 13 हजार लोगों को वैक्सीन की डोज लगाने का टारगेट निर्धारित किया गया है। डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में कोरोना वेक्सीन अभियान 16 जनवरी 2021 से शुरू हुआ था, तब से लेकर अब तक जिले मं 6 लाख 28 हजार 111 लोगों को फर्स्ट डोज और 1 लाख 11 हजार 980 लोगों को सेकेंड डोज लगाई जा चुकी है। जिले में कोवीशील्ड और को-वैक्सीन दोनों डोज लगाई गई है। वेक्सीनेशन अभियान को गति देने के लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही प्राइवेट सेंटर भी बनाए गए हैं, जहां दोनों डोज लगाई जा रही है। जिले में टारगेट का 71.96 प्रतिशत वेक्सीनेशन हो चुका है।

### कटनी जिले में वेक्सीनेशन पर एक नजर

| ब्लॉक | फर्स्ट डोज | सेकेंड डोज | योग | वेक्सीनेशन प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 16 जनवरी से 19 मार्च तक | 27104 | 7835 | 34939 | 00.00 प्रतिशत |
| बड़वारा | 48722 | 6018 | 54740 | 35.41 प्रतिशत |
| बहोरीबंद | 93618 | 12268 | 105886 | 69.43 प्रतिशत |
| बरही | 37304 | 4361 | 41665 | 106.52 प्रतिशत |
| ढीमरखेड़ा | 85796 | 12239 | 98035 | 72.46 प्रतिशत |
| कटनी शहर | 111306 | 43011 | 154317 | 77.54 प्रतिशत |
| कन्हवारा | 75360 | 9130 | 84490 | 74.15 प्रतिशत |
| रीठी | 68471 | 7913 | 76384 | 78.14 प्रतिशत |
| विजयराघवगढ़ | 80430 | 9205 | 89635 | 65.76 प्रतिशत |
| **योग** | **628111** | **111980** | **740091** | **71.96 प्रतिशत** |

### आज महा अभियान : 92 केन्द्रों पर 13 हजार को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य





### ग्रामीण क्षेत्रों में 83 केन्द्रों पर हो रहा टीकाकरण

महा-अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 83 केन्द्र बनाए गये हैं। जिसमे बड़वारा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसाड़ी, पंचायत भवन विलायतखुर्द, पंचायत भवन सकरीगढ़, पंचायत भवन रोहनिया, पंचायत भवन गणेशपुर, पंचायत भवन बिजौरी और पंचायत भवन बरगवां, बहोरीबंद क्षेत्र में 13 केन्द्र बाकल हाई स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद, बंधी स्टेशन पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेवरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बचैया, पोंड़ी पंचायत भवन, पटीखुर्द पंचायत भवन, भखरवारा पंचायत भवन, उदयपुरा पंचायत भवन, पड़वार पंचायत भवन, मवई पंचायत भवन गौरहा पंचायत भवन और पिपरिया बाकल पंचायत भवन, बरही क्षेत्र में मंगल भवन बरही, पंचायत भवन हदरहटा, पंचायत भवन बरन मोहंगवा, पंचायत भवन करेला, पंचायत भवन बडागांव और प्राथमिक शाला भवन, विजयराघवगढ़ क्षेत्र में सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैमारे, प्राथमिक शाला भवन कैमोर, प्राथमिक शाला भवन कांटी, माध्यमिक शाला भवन करीतलाई, शाला भवन सिंगौड़ी, पंचायत भवन सिजहरा, पंचायत भवन नडेरा, प्राथमिक शाला भवन देवराकलां, पंचायत भवन सुरमा, पंचायत भवन हरदुआ महानदी और पंचायत भवन उबरा, ढीमरखेड़ा क्षेत्र में सीएचसी उमरियापान, शासकीय माध्यमिक शाला धोरेश्वर, शासकीय माध्यमिक शाला पौनिया, शासकीय माध्यमिक शाला बिजैया, शासकीय माध्यमिक शाला सैलारपुर, शासकीय माध्यमिक शाल परसेल, शासकीय माध्यमिक शाला ढीमरखेड़ा, शासकीय माध्यमिक शाला पिण्डरई, शासकीय माध्यमिक शाला घुघरी, शासकीय माध्यमिक शाला देवरी मारवाड़ी, शासकीय माध्यमिक शाला जिर्री, शासकीय माध्यमिक शाला बिचुआ, शासकीय माध्यमिक शाला महुदा, शासकीय माध्यमिक शाला कछारगांव बड़ा, शासकीय माध्यमिक शाला सिलौंड़ी और शासकीय माध्यमिक शाला मझगवां, रीठी में प्राथमिक शाला रीठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलहरी, प्राथमिक शाला बडगांव, हरिजन मोहल्ला बिलहरी, प्राथमिक शाला कैना, प्राथमिक शाला बांधा ललितपुर, प्राथमिक शाला सुगवां मूरपार, प्राथमिक शाला बिरुहली, प्राथमिक शाला अमगवां, प्राथमिक शाला बरहटा, प्राथमिक शाला ढुढरी, प्राथमिक शाला बसुधा, प्राथमिक शाला देवरीकला, प्राथमिक शाला पटेहरा और प्राथमिक शाला करहैयाकला, कन्हवारा क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा, पंचायत भवन पोड़ी, चाका पंचायत भवन, खड़ौला पंचायत भवन, पंचायत भवन चनेहटा, पंचायत भवन खेहरी, पंचायत भवन घंघरीकला, कन्या शाला भवन पिपरिया, पंचायत भवन पोंड़ी पिपरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी, शाहपुर पंचायत भवन, पंचायत भवन पिपरौंध, पंचायत भवन तखला और पंचायत भवन बड़खेरा नयागांव में कोवीशील्ड टीके की पहली और दूसरी डोज लगाई जा रही है।

### शहर में 4 केन्द्रों पर ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन

आज 6 सितम्बर को कोविड-19 वेक्सीनेशन अभियान के तहत शहरी क्षेत्र में 4 टीकाकरण केन्द्रों पर ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से टीकाकरण किया जा रहा है। इन केन्द्रों में एक केन्द्र पर कोवेक्सीन तथा शेष 3 टीकाकरण केन्द्रों में कोवीशील्ड वैक्सीन के प्रथम और द्वितीय डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया इन केन्द्रों में पुरानी कचहरी परिसर में कोवेक्सीन टीके के पहले और दूसरे डोज के लिये विशेष टीकाकरण सत्र और पुरानी कचहरी परिसर, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, झूलेलाल मंदिर माधवनगर में कोवीशील्ड वैक्सीन के प्रथम और दूसरे डोज के लिये वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया गया है। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर कोरोना का टीका लगवाया है।

### वेक्सीनेशन का टारगेट

| ब्लॉक | चिन्हित |
|---|---|
| बड़वारा | 154594 |
| बहोरीबंद | 152507 |
| बरही | 39116 |
| ढीमरखेड़ा | 135301 |
| कटनी शहर | 199027 |
| कन्हवारा | 113946 |
| रीठी | 97750 |
| विजयराघवगढ़ | 136301 |
| **योग** | **1028542** |

### 5 केन्द्रों पर ऑनलाईन स्लॉट बुकिंग

शहर क्षेत्र में निर्धारित 5 टीकाकरण केन्द्रों पर ऑनलाईन स्लॉट बुक कर नागरिक टीकाकरण करा रहे हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि इन केन्द्रों में एक केन्द्र पर कोवेक्सीन तथा शेष 4 टीकाकरण केन्द्रों में कोवीशील्ड वैक्सीन के प्रथम और द्वितीय डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया है। केन्द्रों में नागरिकों को ऑनलाईन स्लॉट बुक करना अनिवार्य किया गया है, जिसके बाद ही वे अपना वैक्सीनेशन करा सकेंगे। निर्धारित केन्द्रों में एसीसी हॉस्पिटल में कोवेक्सीन टीके के पहले और दूसरे डोज के लिये विशेष टीकाकरण सत्र एवं शेरावाली मंदिर राजीव गांधी वॉर्ड, रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजे, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल कटनी, सेवा भारती नंदन स्कूल में कोवीशील्ड वैक्सीन के प्रथम और दूसरे डोज के लिये वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया गया है।

## सफाई व्यवस्था के लिए निगमायुक्त ने सौंपे दायित्व



**कटनी।** नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें 6 सितम्बर को निगम सीमान्तर्गत आयोजित होने वाले वैक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, अक्षर नंदन स्कूल, शेरावाली मंदिर धर्मशाला अशोक कॉलोनी, रेल्वे हास्पिटल एन.के.जे कटनी, पुरानी कचहरी कटनी, आर्डिनेंस हास्पिटल, ए.सी.सी हास्पिटल तथा झूलेलाल मंदिर माधव नगर में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं साफ सफाई, चूने की लाईनिंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था,फनीर्चर, आवश्सकतानुसार फर्नीचर की व्यवस्था कराने के निर्देश प्रदान किये है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने टीकाकरण केन्द्र की व्यवस्थाओं हेतु राकेश शर्मा प्र. कार्यपालन यंत्री को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाकर निगम के 8 टीकाकरण केन्द्र प्रभारी अधिकारियों तथा सहयोगी कर्मचारियों के रूप में 24 कर्मचारियों के दल का गठन किया जाकर टीकाकरण केन्द्र में उपस्थित रहकर आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने तथा शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ती के निर्देश प्रदान किये गए है।

## पेट्रोल पंप के पीछे बिछी थी बिसात

### पुलिस की छापामार कार्रवाई में 5 जुआरी गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद तिराहा स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप के पीछे रविवार की देर शाम 7 बजे स्लीमनाबाद पुलिस ने चल रहे जुआफड़ में दबिश दी तो मौके पर से पुलिस को देख अफरा-तफरी मच गई। मौके से कुछ जुआरी भाग निकले। टीआई संजय दुबे ने बताया कि मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर देर शाम पुलिस बल के साथ उक्त स्थल पर रेड की गई। जहां से मौके स्थल पर 5 जुआरी पकड़ गए और 3710 रुपये जप्त किए गए। इसमें धर्मेन्द्र यादव, नवीन शुक्ला, द्वारिका पटेल, प्रकाश पटेल एवं मनीष सोनी को थाने लाकर जुआ एक्ट के तहत कारवाई की गई।

कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अंजनी मिश्रा, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक अंकित दुबे एवं आशीष आर्मो, आरक्षक सोने सिंह, लव उपाध्याय, राजा साहू एवं राजीव परतेती की भूमिका रही।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**आवश्यकता है**

कम्पनी में ट्रांसपोर्टिंग एवं गाड़ी वालों को संभालने हेतु अनुभवी युवक की आवश्यकता है।

पता :- एस.एस. मल्टीग्रेन इंडिया प्रा.लि. लमतरा-कटनी
मोबाइल नं. :- केवल वाट्सएप हेतु- 9300510267

**आवश्यकता है**

ORICAN FRAGRENT Co.(R.) को अपने BRAND-SHREY MANGLAM (R.) AGARBATTI INDORE के लिए स्टॉकिस्ट, सेल्समेन एवं हेल्पर लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें- 09936415040

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## पुरैनी मुक्तिधाम परिसर सहित लखेरा चर्च एवं नगर के अन्य स्थलों में किया गया सफाई कार्य







**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रोजाना नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में सफाई का कार्य, डोर टू डोर कचरे के संग्रहण कार्य अनवरत जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पाली की प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न स्थलों पुरैनी मुक्तिधाम परिसर, पन्ना मोड, बस स्टेण्ड, नदी पार मुख्य मार्ग, चाडक चौक से सुक्खन चौक, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित गाटर घाट क्षेत्र एवं गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड स्थित स्वर्णकार स्कूल गली सहित अन्य विभिन्न गलियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव, घंटाघर, झंडा बाजार जैन पार्क, मिशन चौक मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड स्वास्थ्य केन्द्र के पास एवं ग्रीन कॉलोनी की सफाई, भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, कावस जी वार्ड चौधरी बस्ती, लखेरा स्थित चर्च के अंदर खरपतवार की कटाई, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड के विभिन्न स्थलों, कर्बला पहुंच मार्ग की सफाई एवं चूने की लाईनिंग सहित नगर के मुख्य मार्गों के डिवाईडर की सफाई व्यवस्था हेतु पन्ना मोड सांई मंदिर के सामनें, चाका से पुरैनी, बरगवां, द्वारका सिटी गेट के डिवाईडरों की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

### नालियों के अपशिष्ट की सफाई सहित किया गया डोर टू डोर कचरे के संग्रहण कार्य

नगर में नालियों के माध्यम से किसी भी प्रकार की गंदगी उत्पन्न न हो इस हेतु रोजाना विभिन्न स्थलों के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। कावसजी वार्ड शमशान भूमि के समाने, उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित रावर्ट लाईन गोविंद जी की मिल के पास, पोहूराम गली सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट की सफाई कराई गई। मुख्य मार्गों के कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# आठ साल से लटका झंडाबाजार में प्रसाधन की जमीन पर दुकानों के निर्माण का मामला

## डेढ़ करोड़ से अधिक की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण की फाइल दबी

**कटनी।** शहर में बेशकीमती जमीन पर कब्जा, खुर्द-बुर्द करने का खेल व्यापक पैमान पर चल रहा है। बीच शहर नगर निगम के करोड़ों रुपये की जमीन पर चार लोगों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों की सह पर न सिर्फ कब्जा किया गया है बल्कि पक्का निर्माण कर कारोबार किया जा रहा है। 2013 में मामले की जांच में अतिक्रमण भी पाया गया, कार्रवाई के लिए आदेश जारी हुए लेकिन आठ साल से फाइल दबी हुई है। जब आयोग ने फाइल तलब की तो विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार झंडाबाजार में नगर निगम द्वारा सार्वजनिक प्रसाधन निर्माण के लिए जमीन छोड़ी गई थी। यहां पर 1999-2000 के बीच नगर निगम के कुछ अधिकारियों ने वहां के व्यापारियों से मिलीभगत कर लगभग 125 वर्गफीट जमीन पर कब्जा करा दिया। जब मामला उछला तो नगर पालिक परिषद सम्मेलन में चर्चा हुई। दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के लिए दस्तावेज लोकायुक्त को भेजने कहा गया।

**जानकारी मांगने पर आयोग को भी गुमराह किया जिम्मेदारों ने**

**अब सही कार्रवाई व रिपोर्ट मंगाने से नगर निगम में मचा हड़कंप**



### आयुक्त की फटकार के बाद मिली गुमी फाइल

गौरतलब है कि इस मामले में आरटीआइ लगाकर दुकानों के संबंध में दस्तावेज जुटाने प्रयास किया गया तो फाइल गुम जाने की बात कहकर जानकारी नहीं दी गई। मामला आयोग के पास पहुंचा तो आयोग ने फाइल गुमने के मामले में जांच कराने, दोषियों पर नामजद एफआइआर कराने कहा। 27 अगस्त को कार्रवाई कराने की भी जानकारी भेजी गई। इसमें बताया गया कि दोषी कर्मचारी राजकुमार सोनी को निलंबित किया गया है और 155 में एफआइआर कराई है जो सही नहीं थी। वह भी कुछ ही दिनों में बहाल कर दिया गया। जब फिर इसकी शिकायत हुई तो आयोग ने नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे को शपथ पत्र में की गई जांच, नामजद 154 के तहत एफआइआर कराकर जानकारी से अवगत कराने सख्त निर्देश दिए हैं।

### इन्होंने किया है अतिक्रमण

उल्लेखनीय है कि झंडाबाजार में चार लोगों द्वारा करोड़ों रुपये कीमती जमीन में अतिक्रमण किया गया है। इसमें परमानंद वल्द सच्चानंद दुकान क्रमांक 104 से लगी भूमि पर 33 वर्गफीट में, अर्जुनदास वल्द ज्ञानचंद दुकान क्रमांक 105 से लगी 54 वर्गफीट में, ज्ञानचंद वल्द गोदाराम दुकान क्रमांक 95 से लगी भूमि 27 वर्गफीट में, नारायण वल्द सच्चानंद दुकान क्रमांक 95/1 से लगी हुई भूमि पर 27 वर्गफीट में अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कराते हुए वर्षों से कारोबार किया जा रहा है।

### नोटिस तक सीमित रही कार्रवाई

इस गंभीर मामले में 2013 में जांच के बाद अतिक्रमण पाया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया। अनुज्ञा शाखा से पत्र क्रमांक 4123 में थाना प्रभारी कटनी को पत्र भी लिखा गया था कि 15 नवंबर 2013 को कार्रवाई होना है, बल मुहैया कराया जाए लेकिन न तो निगम का अमला पहुंचा और ना ही आजतक कोई कार्रवाई हुई।

### इनका कहना है

यह गंभीर मामला मेरे संज्ञान में आया है। शीघ्र ही इसकी जांच शुरू कराई जाएगी। इसमें आयोग द्वारा मांगी गई रिपोर्ट को भी पुटअप किया गया गया है। दोषियों पर कार्रवाई के संबंध में भी अवगत कराया गया है। इस मामले में सूक्ष्मता से जांच कराई जाएगी। इसके अलावा नगर निगम की अन्य जितनी दुकानें है उनकी जांच, भैतिक सत्यापन कराया जाएगा।

**– सत्येंद्र सिंह धाकरे, आयुक्त नगर निगम**

# तहसीलदार से अभद्रता का आरोपी गिरफ्तार

### बरही पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम इटमा में तहसीलदार व पटवारी से अभद्रता का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं शासकीय नक्शा लेकर आरोपी फरार हो गया था। दो दिन बाद पुलिस ने बड़ी मशक्कत से आरोपी को दबोच लिया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि ग्राम इटमा गांव में दुबे परिवार और सोनी परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। तहसीलदार विजयराघवगढ़ जितेंद्र पटेल के नाप कराई। कौशल सोनी नाम का युवक तहसीलदार से अभद्रता की, नक्शा रखे हुए थे, जिसे छीनकर भाग गया। रविवार को बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को दबोचा। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 353, 186, 332 का प्रकरण दर्ज किया गया है। पटवारी द्वारा नापजोख करने के बाद शासकीय नक्शे को अपने कब्जे में करने पर कार्रवाई की गई है।

## डॉ. हाजी गुलाम मुर्तुजा का इंतकाल

**कटनी।** मिशन चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक जनाब डॉक्टर हाजी गुलाम मुर्तुजा (मॉडर्न बड़ी फैक्ट्री) का आज सोमवार की सुबह 7 बजे इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही मिशन चौक क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया और बड़ी सं या में शुभचिंतकों ने मिशन चौक स्थित निवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर हाजी गुलाम मुर्तुजा बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हाजी गुलाम अहमद सिब्तैन सिप्पू भाई के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नमाजे जनाजा मु य कब्रस्तान कटनी में शाम 7 बजे अदा की जाएगी।



# आरक्षक पर एक लाख 32 हजार रुपये छीनने का आरोप

### पूर्व में भी हो चुकी है अवैध वसूली की शिकायत

**कटनी।** बरही थाना में पदस्थ एक आरक्षक पर रुपये छीनने का आरोप लगाया है। आशा बाई पति कमलेश लोनी निवासी चंदवार थाना इंदवार जिला उमरिया का आरोप है कि वह बेटे के साथ ऑटो में बरही आई हुई थी। यहां पर आरक्षक विनोद चौधरी ने वाहन को रोककर पूछताछ की। गाड़ी नहीं होने के कारण दस्तावेज नहीं थे। आशा का आरोप है कि वह गाड़ी की किश्त जमा करने जा रहे थे। 20 दिन पहले गाड़ी खरीदी है। दस्तावेज न होने पर आरक्षक गाड़ी थाने ले जाने के लिए कहा। रुपयों की मांग की, न देने पर एक लाख 32 हजार रुपये छीन लिए जबकि वह रुपये आटा चक्की की मोटर जल गई है, जिसे बनवाने व किराना सामग्री उठाने के लिए व किश्त जमा करने रुपये रखे थे। वहीं महिला द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई है, जिसका नंबर 15220024 है। महिला का आरोप है कि बच्चे के साथ आरक्षक ने मारपीट भी की है। कहा कि जब गाड़ी के दस्तावेज नहीं है तो क्यो चलाते हो। गाड़ी के दस्तावेज न होने पर 15 हजार रुपये लाने के लिए कहा। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। महिला का आरोप है कि बरही थाने शिकायत लेकर पहुंची तो वहां से भगा दिया गया। इस मामले में आरक्षक विनोद चौधरी का कहना है कि अधिक सवारी लेकर ऑटो लेकर आया था, झूठा आरोप लगाया है। ऑटो जप्त किया गया है। महिला द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

### इनका कहना है

महिला ने आरक्षक पर जो आरोप लगाए है उसकी जांच कराई जाएगी। थाना प्रभारी से रिपोर्ट मंगाएंगे। आरोप में कितनी सत्यता है यह पता लगाया जाएगा। जांच में यदि आरक्षक दोषी पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

**– सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक**



# इस बार शुभ संयोग के साथ रवि और ब्रह्म योग में विराजेंगे बप्पा

## गणेशोत्सव की शुरुआत 10 से

**कटनी।** इस बार गणेश चतुर्थी के दिन रवि योग, ब्रह्म योग विद्यमान रहेगा। इसके साथ ही लग्न, ग्रह, नक्षत्रों के मेल भी इस दिन कई शुभ संयोग बना रहे हैंए इस लिहाज से गणेश चतुर्थी विशेष फलदायी होगी। इस दिन भद्रा की स्थिति भी रहेगी। भद्रा दोपहर 1 बजकर 13 मिनट से प्रारंभ हो जाएगी। इसलिए कुछ पंडितों का कहना है कि भद्रा के पूर्व स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा। वहीं कुछ पंडितों का यह भी कहना है कि गणेश स्थापना में भद्रा का दोष नहीं लगता है इसलिए इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। पंडितों का कहना है कि इस बार गणेश चतुर्थी शुक्रवार के दिन आ रही है। शुक्रवार का दिन वैभव, सुख, समृद्धि का दिन माना जाता है।



### दोपहर बाद शुरू हो जाएगी भद्रा

छपरवाह स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन रवि योग और ब्रह्म योग के साथ सूर्य, बुध, मंगल का योग लग्न में होने से कला, व्यापारी वर्ग और विद्यार्थियों को गणेशजी की विशेष कृपा मिलेगी। यह दिन सभी शुभ कार्यों और खरीदारी के लिए विशेष शुभ माना गया है। इस दिन दोपहर के बाद भद्रा शुरू हो जाएगी।

### विद्यार्थियों पर बरसेगी विशेष कृपा

पंडित पुष्पेन्द्र द्विवेदी के अनुसार इस दिन विद्यार्थियों को भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होगी। इस दिन जो शुभ संयोग बन रहे हैं। उसके तहत भी विद्यार्थियों के लिए गणेश पूजा करना विशेष शुभ है।



# शिक्षक समाज में सम्मान का वास्तविक हकदार-डॉ पुष्पराज

**कटनी।** रीठी जनपद पंचायत रिठी के सभाकक्ष में राज्य शिक्षक संघ तहसील शाखा रीठी द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर पुष्पराज पटेल ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक समाज में सम्मान का वास्तविक हकदार है आज शिक्षकों की बदौलत ही हम चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते हुए आगे यह भी कहा कि इनका मार्गदर्शन और इसने सबको मिलता रहे। आज इस अवसर पर हम यही कामना करते हैं कार्यक्रम अध्यक्ष इंजीनियर हरि सिंह ठाकुर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कटनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षको ने जो हमें शिक्षा दी है आज इस पद में पहुंचाने में उस शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है शिक्षक वैसे भी कभी सेवानिवृत्त नहीं होता अंतिम समय तक उसका मार्गदर्शन समाज को मिलता है और वह समाज की महत्वपूर्ण धुरी भी होता है इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक विपिन तिवारी डॉक्टर पुष्पराज पटेल हरि सिंह ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक कंदेले राज्य शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जे पी हल्दकार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह और पुष्पाहार और रोरी लगाकर मंच से सम्मानित किया। इस आयोजन में मिल्लू लाल चक्रवर्ती रामनाथ पटेल श्रीकांत राय कृष्ण कुमार पटेल विनोद यादव भगवानदास पटेल सुखी लाल यादव कृष्ण कुमार गुप्ता राजेंद्र वर्मा देवी सिंह ठाकुर गुलाब सिंह ठाकुर मुकेश विश्वकर्मा नंदू राय रमेश पटेल कृष्ण कुमार गुप्ता अजय सोनी श्रीमती चंदा सकवार घनश्याम खर्द सीएल तिवारी बदन सिंह ठाकुर पंचम सिंह ठाकुर संतोष पटेल रमा श्रीवास्तव अनु राय नंदराम सैनी संतोष भालेकर पति राम खरे बृजेश गुप्ता आनंद चौबे देवेंद्र जैन श्रीमती शालनी सकवार एस डी गुप्ता प्रदीप खर्द रमेश पटेल सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# तालाब में उतराता मिला अपरिपक्व शिशु भ्रूण

### रीठी के उमरिया गांव में फैली सनसनी

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम उमरिया में स्कूल के पास स्थित तालाब में आज सुबह एक अपरिपक्व शिशु भ्रूण उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के मुताबिक भ्रूण लगभग 3-4 माह के अपरिपक्व शिशु का है। जिसका पीएम कराया जा रहा है। इसके अलावा मर्ग कायम कर भ्रूण को जन्म देकर उसे तालाब में फेंकने वाली मां के संबंध में पतासाजी की जा रही है।



# अनजान बीमारी स्क्रब टायफस से लोगों में दहशत

## लक्षण दिखते ही फौरन डॉक्टर से करें संपर्क, बच्चों को रखें सुरक्षित

### थोड़ी सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

**कटनी।** कोरोना और डेंगू का कहर अभी बना ही हुआ था कि अब एक नई अनजान बीमारी स्क्रब टायफस ने जोर पकड़ लिया है। शहर में भी इस अजूबी बीमारी ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस अनजान बीमारी को लेकर थोड़ी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। खास ये कि ये बीमारी बच्चों को ज्यादा हो रही है। शहर के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. समीर चौधरी का कहना है कि यह बीमारी भी शुरुआत में वायरल फीवर जैसी लगती है। ये बीमारी रिकेटसिया नाम के जीवाणु से फैलती है जो पिस्सुओं में पाया जाता है। ये पिस्सू जंगली चूहों से इंसानों तक पहुंचते हैं और पिस्सू के काटने से जीवाणु शरीर में प्रवेश कर जाता है। डॉ. समीर चौधरी का कहना है कि लार्वा माइट्स के काटने के 10 दिनों में ही इस बीमारी के लक्षण नजर आने लगते हैं। शुरू-शुरू में ठंड के साथ बुखार आता है। फिर सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द होता है। बीमारी बढ़ने पर जिस स्थान पर लार्वा माइट्स ने काटा है वहां गहरा लाल रंग उभर आता है और उस पर पपड़ी जम जाती है। हालत बिगड़ने पर मरीज के कोमा तक में जाने का खतरा है। वैसे मलेरिया, इंसेफलाइटिस भी हो सकता है। कुछ मरीजों में कुछ ऑर्गन फेल होने और ब्लीडिंग भी होने लगती है। जिससे मरिज दम तोड़ सकता है।



### बीमारी के लक्षण

- -शुरुआत में बुखार और शरीर पर चकत्ते पड़ते हैं।
- -धीरे-धीरे शरीर के नर्वस सिस्टम, दिल, गुर्दे, श्वसन और पाचन प्रणाली प्रभावित होने लगती है।
- -इस बुखार के पीड़ितों में निमोनिया, इंसेफलाइटिस, ऑर्गन फेल्योर, इंटर्नल ब्लीडिंग के साथ ही एक्यूट रेसपिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम का खतरा रहता है।
- -एक वेक्टर बॉर्न बीमारी है।
- -स्क्रब टायफस जुलाई से अक्टूबर तक असर दिखाता है।
- -ये बीमारी एक से दूसरे इंसान में नहीं फैलती है।

बचाव के उपाय

- -घर के आसपास घास या झाड़ियां न उगने दें।
- -हमेशा साफ और फुल कपड़े पहनें।
- -घर के आसपास जलजमाव न होने दें।
- -खेतों में काम करते समय हाथ व पैरों को अच्छे से ढंक कर रखें।

### बीमारी का कोई टीका नहीं

इस बीमारी से बचाने के लिए अब तक कोई टीका नहीं बना है। पीड़ित को एंटीबायोटिक डॉक्सीसाइक्लिन दी जाती हैं। शुरुआत में ही डॉक्सीसाइक्लिन से इलाज कराने वाले मरीज आमतौर पर जल्दी ठीक हो जाते हैं। यदि बच्चों के साथ रहते हैं तो उनके हाथ-पैरों को ढंक कर रखें। छोटे बच्चों को मच्छरदानी में रखें। बच्चों के चेहरे पर मच्छरों को दूर भगाने वाले मलहम का इस्तेमाल कर सकते हैं। कोई भी कीड़ा अगर काट ले तो तुरंत साफ पानी से उस हिस्से को धोकर एंटीबायोटिक दवा लगा लें।

### बिना इलाज भी ठीक हो जाते हैं मरीज

यह बीमारी 20वीं सदी में पहली बार पाई गई थी। सामान्य तौर पर यह बीमारी ठंडे व पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। इस बीमारी के बैक्टीरिया का पता लगाने के लिए खून की जांच के साथ अन्य जांच करानी पड़ती हैं। सामान्य मामलों में बीमारी के लक्षण आमतौर पर बिना इलाज के ही दो हफ्तों में गायब हो जाते हैं।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों ने दी बोर्ड परीक्षा

**कटनी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं की दसवीं और बारहवीं की विशेष परीक्षाएं आज सोमवार से शुरू हो गई हैं। विशेष परीक्षाओं के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन परीक्षा केन्द्रों में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक विशेष परीक्षाएं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कड़ी निगरानी के बीच आयोजित कराई जा रही हैं। बताया जाता है कि कक्षा दसवीं में 48 और कक्षा बारहवीं में 47 छात्र इन परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे हैं। जिला शिक्षा विभाग के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए परीक्षा का जायजा लिया जा रहा है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं ने कोरोना संक्रमण के चलते कक्षा दसवीं का रिजल्ट बेंचमार्क व कक्षा बारहवीं का परिणाम दसवीं के रिजल्ट के आधार पर घोषित किया था। माशिमं ने यह व्यवस्था भी दी थी कि यदि कोई छात्र इस रिजल्ट से संतुष्ट नहीं है तो वह पंजीयन कराकर विशेष परीक्षा दे सकता है। इसके बाद पूरे प्रदेश से 14 हजार 574 छात्रों ने विशेष परीक्षा के लिए पंजीयन कराया। जिसमे कक्षा दसवीं में छात्रों की संख्या 9005 एवं बारहवीं में 5569 है। दसवीं की परीक्षा आज 6 सितंबर से शुरू होकर 15 सितंबर तक और बारहवीं की परीक्षा 6 से 21 सितंबर तक सुबह 9 से 12 बजे के बीच आयोजित की जा रही है। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं का संचालन एक साथ एक ही केन्द्र पर किया जा रहा है।



जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक-एक परीक्षा केन्द्र

## दसवीं में 48 और बारहवी में 47 छात्र माशिमं ने किया विशेष परीक्षाओं का आयोजन

### इन केन्द्रों पर हो रही परीक्षा

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी में बताया गया है कि जिले में कक्षा दसवीं और बारहवीं की विशेष परीक्षाओं के लिए प्रत्येक विकासखंड में एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमे कटनी विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर, बहोरीबंद विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद, रीठी विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठी, ढीमरखेड़ा विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान, विजयराघवगढ़ विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा विकासखंड में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही शामिल है। इन परीक्षा केन्द्रों में दसवीं और बारहवीं के कुल 95 छात्र सम्मिलित होकर परीक्षा दे रहे हैं।

### आवंटित केंद्र पर होगी प्रायोगिक परीक्षा

नियमित और स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा अवधि के दौरान ही आयोजित होंगी। प्रायोगिक परीक्षा की तिथि और समय के लिए परीक्षार्थी संबंधित केंद्र के केंद्राध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

# मुंबई में काम कर रहा था 5 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी

### पुलिस गिरफ्तार कर लाई कैमोर

**कटनी।** कैमोर पुलिस ने कई सालों से फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम संगवारा निवासी 40 वर्षीय गोवर्धन प्रसाद बर्मन पिता वीरू बर्मन को मुंबई से गिरफ्तार किया है। न्यायालय अनिल कुमार पंचम अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायालय कटनी एवं न्यायालय बीआर अहिरवार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजयराघवगढ़ ने अलग-अलग मामलों में गोवर्धन प्रसाद बर्मन का पांच वर्ष पूर्व स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। लंबे समय से फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने एकत्र जानकारी के आधार पर उपनिरीक्षक आर.पी.रावत, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल, आरक्षक अनिल स्वर्णकार एवं महिला आरक्षक भावना तिवारी ने मुंबई के ठाणे में बालकुम्भनाका इलाके में कापुरवाबड़ा पुलिस स्टेशन अंतर्गत रूस्तम मिनरल्स कंपनी में काम कर रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी गोवर्धन प्रसाद बर्मन को गिरफ्तार कर थाना कैमोर लाया गया। पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरस्कृत करने घोषणा की है।





# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत भरतपुर टैंक के पास रविवार की देरशाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की जोरदार ठोकर लगने से बाइक सवार 50 वर्षीय प्रौढ़ की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जिला पन्ना के रैपुरा थाना अंतर्गत ग्राम कूड़ा निवासी 50 वर्षीय राजकुमार पिता बल्ली चौधरी रविवार की शाम रीठी बाजार से सब्जी लेकर मोटर सायकल से वापस घर लौट रहा था। उसीदौरान भरतपुर टैंक के पास किसी अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से बाइक सवार राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया तथा अस्पताल ले जाने के पूर्व उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने राजकुमार का शवपरीक्षण कराते हुए अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सरल रखेगा भाजपा के हर बूथ का हिसाब-किताब

### प्रत्येक बूथ को जोड़ा जा रहा पार्टी के ऑनलाइन पोर्टल से

### विस्तारक डेटा दर्ज करने से पहले करेंगे वेरीफिकेशन

**कटनी।** विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा एक-एक वोट का ऑनलाईन हिसाब रखेगी। इसके लिये भाजपा ने सरल नामक एक पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर हर बूथ का हिसाब रहेगा। मप्र में लगभग 65 हजार बूथ जल्द ही डिजिटली रूप लेने जा रहे हैं। प्रत्येक बूथ को पार्टी के ऑनलाईन पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक बूथ की टोली के कार्यकर्ताओं को मिलाकर सात लाख से अधिक कार्यकर्ताओं का ब्योरा पोर्टल से प्रदेश भाजपा कार्यालय और केंद्रीय कार्यालय दिल्ली के पास मौजूद रहेगा।

गौरतलब है कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है। पार्टी अपने एक-एक कार्यकर्ता को संगठन का महत्वपूर्ण अंग मानती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाने के लिये पार्टी हर बूथ को अपने पोर्टल से जोड़ रही है। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक पार्टी अपने प्रदेश भर के 65 हजार बूथों को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जोड़ेगी। इन्हें कार्यकर्ताओं के मोबाइल नंबर के जरिए जोड़ा जाएगा। इसके बाद सरल नाम के इस पोर्टल पर प्रत्येक बूथ के टोली मेंबर की जानकारी दर्ज की जाएगी। प्रत्येक बूथ की टोली में 11 सदस्य होते हैं। इस प्रकार प्रदेशभर के 65 हजार बूथों पर 7 लाख 15 हजार कार्यकर्ताओं का ब्यौरा उपलब्ध होगा।

### हर एक कार्यकर्ता का होगा वेरीफिकेशन

भाजपा की इस बार कोशिश है कि पार्टी से बेदाग छवि के लोगों को जोड़ा जाए। इसलिए सात लाख से अधिक पार्टी के प्राथमिक कार्यकर्ताओं का विस्तारक क्षेत्र में पहुंचकर वेरीफिकेशन करेंगे। इस काम में पार्टी लगभग 10 हजार विस्तारकों को मैदान में उतारेगी। यह विस्तारक एक दिन में 10 घंटे और कुल 100 घंटे का समय बूथों पर जाकर बिताएंगे और काम को पूरा करेंगे। विस्तारकों के पास पार्टी को प्राथमिक स्तर पर मजबूत करने अन्य कई तरह के काम होंगे, वे टोली कार्यक्रमों से संवाद करके उनका नाम, उम्र शिक्षा, पता आदि जानकारी दर्ज करेंगे। यह जानकारी बाद में पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पार्टी की कोशिश है कि उसके हर कार्यकर्ता का पूरा हिसाब उसके पास रहे।

### पार्टी कार्यक्रमों को गति मिलेगी

भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का फायदा हर एक व्यक्ति को मिल सके। इसके लिए पार्टी निरंतर कार्यक्रम चलाती रहती है। उनका मानना है की बूथों के डिजिटली रूप से लेने से पार्टी के कार्यक्रमों को गति मिलेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बूथ डिजिटली रूप से लेने पर पार्टी के भोपाल या दिल्ली में बैठे पार्टी के बड़े नेता व पदाधिकारी प्रदेश के किसी भी जिले के दूर-दराज तक के बूथ से सीधे संवाद कर सकेंगे। वे पार्टी गतिविधियों की मैदानी स्तर की जानकारी और फीडबैक भी सीधे ले सकेंगे।

# विद्युत सब स्टेशन में तोड़फोड़ करने वालों पर मामला दर्ज

### पुलिस ने पूर्व सरपंच सहित कई ग्रामीणों को बनाया आरोपी

**कटनी।** बिजली की समस्या को लेकर अब ग्रामीण कानून को भी हाथ में लेने लगे है और शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने लगे हैं। ऐसा ही दुस्साहस किए जाने का मामला बड़वारा क्षेत्र के देवरीहटाई डिवीजन में सामने आया है। यहां पर पूर्व सरपंच ग्रामीणों के साथ मिलकर जमकर तोडफोड़ की है। अधीक्षण अभियंता(ग्रामीण)डी के सोनी ने बताया कि शेख अकील कनिष्ठ अभियंता मप्र पूर्व विद्युत वितरण कंपनी लि बड़वारा द्वारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि शनिवार रात सवा 11 बजे 33/11 केवी उपकेन्द्र देवरीहटाई मे पूर्व सरपंच सतीश मिश्रा एवं अन्य कई लोगों के द्वारा कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की गई। आन डियूटी कर्मचारी को जान से मारने की कोशिश की गई। एवं गाली गुप्तार करते जुए जमकर अभद्रता की गई। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत हिरवारा के पूर्व सरपंच सतीश मिश्रा अपने साथ लगभग 100 से अधिक लोग लेकर लोडर व अन्य वाहनों में पहुंचे थे। सब स्टेशन मे तोड़फोड़ किया तथा मौके पर उपकेन्द्र ऑपरेटर प्रहलाद शुक्ला, लाईन मैन राजभान सिंह, ट्रिग कम्पनी के हेल्पर संतोष यादव के साथ अभद्रता की। गंभीरता को देखते हुए सभी कर्मचारी सब स्टेशन छोड़कर जान बचाने के लिए वहां से भाग गए। सतीश मिश्रा एवं उसके साथ आए आरोपियों ने देवरीहटाई सब स्टेशन के सभी 33 केवी एवं 11 केवी के पेनल बेट्री एंव बेट्री चार्जर को तोड़ दिया। जिसके कारण देवरीहटाई उपकेन्द्र, भुड़सा उपकेन्द्र एंव खमतरा उपकेन्द्र कि विद्युत अपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई। जिसके कारण इन उपकेन्दो से लगभग 60 ग्रामों को होने वाली विद्युत अपूर्ति रात्रि में पूरी तरह से बंद हो गई। उपद्रियों ने लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाई है। शेख अकील की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 427, 294, 506, 34, 3,5 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि उपद्रवियों ने 33 एवं 11 केवी के पेनल बैटरी एवं बैटरी चार्जर कीमती 3 लाख रुपये की क्षति पहुंचाई है।


PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION

साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में

रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

शानदार तीसरा सप्ताह

ADVANCE BOOKINGS OPEN - BOOK TICKETS NOW



कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

BELL BOTTOM

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में



हालीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- विन डीजल, जॉन सीना, माइकल रूकर, हेलेन मिरन आदि।

FAST & FURIOUS-9

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY, City Pride Cinema, Food Junction, Hotel Grand Meridian, FLAVOURS, GRAVITY

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Phone: +91 7622 422408, email: citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)